Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 2 JANUARY 22, 2017 SHIFT 1 INDIAN CULTURE QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** When were the bow and arrow added in the equipment of hunters for the first time ?

(1) Lower Palaeolithic period
(2) Neolithic period
(3) Mesolithic period
(4) Chalcolithic period

**2.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) and select your correct answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** The upper palaeolithic people at Bhimbetka practiced the art of painting.

**Reason (R) :** They painted the various animals whom they might have known.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, (R) is false.
(4) (A) is false, (R) is true.

**3.** The most common form of Harappan seals is

(1) Cylindrical
(2) Rectangular
(3) Round
(4) Square

**4.** Which animal finds the largest number of mention in the Rigveda ?

(1) Cow
(2) Horse
(3) Bull
(4) Buffalo

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. शिकारियों के उपकरण में धनुष तथा बाण प्रथम बार कब सम्मिलित किया गया ?

(1) निम्न पुरापाषाण काल
(2) नव-पाषाण काल
(3) मध्य पाषाण काल
(4) ताम्राश्म काल

2. निम्नलिखित दो वक्तव्यों में एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) की संज्ञा दी गई है । अपने सही उत्तर का चयन नीचे दिये गए कूटों में से कीजिए :

**कथन (A) :** उच्च पुरापाषाण काल में भीमबेटका के लोग चित्रकला का प्रयोग जानते थे ।

**कारण (R) :** उन्होंने विभिन्न पशुओं के चित्र बनाए जिन्हें वे जानते रहे होंगे ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।
(3) (A) सही है और (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है और (R) सही है ।

3. हड़प्पा संस्कृति की सर्वाधिक प्रचलित मुद्राओं का आकार है

(1) बेलनाकार
(2) वृत्तायत
(3) गोल
(4) वर्गाकार

4. ऋग्वेद में सबसे अधिक किस जानवर का उल्लेख मिलता है ?

(1) गाय
(2) घोड़ा
(3) बैल
(4) भैंस

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) and select your correct answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** The Sulvasutras prescribe various kinds of measurements for the construction of sacrificial altars.

**Reason (R) :** The ritual of sacrifice had become popular.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, (R) is false.

(4) (A) is false, (R) is true.

6. Space is categorised in Jainism as :

(1) Jiva (2) Ajiva

(3) Samvara (4) Nirjara

7. Of the following, which was not a sect of Theravada Buddhism ?

(1) Sarvastivada (2) Sammitiya

(3) Gokulika (4) Mahishaska

8. In which inscription does Ashoka make a reference to the forest tribes ?

(1) Sarnath pillar edict (2) Bhabru inscription

(3) Rock-Edict - XIII (4) Roopnath minor edict

9. What did Greeks mean by Strategos ?

(1) Governor (2) Priest

(3) Village headman (4) Monk

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. निम्नलिखित दो वक्तव्यों में एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) की संज्ञा दी गई है । अपने सही उत्तर का चयन नीचे दिये गए कूटों में से कीजिए :

**कथन (A) :** शुल्वसूत्रों में यज्ञ वेदिकों के निर्माण के लिए विविध प्रकार के मापन निर्धारित किए गए हैं ।

**कारण (R) :** यज्ञ का अनुष्ठान लोकप्रिय बन गया था ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।

(3) (A) सही है और (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है और (R) सही है ।

6. जैन धर्म में आकाश को किसमें सम्मिलित किया गया है ?

(1) जीव (2) अजीव

(3) संवर (4) निर्जरा

7. निम्नलिखित में कौन सा थेरवाद बौद्ध धर्म का सम्प्रदाय नहीं था ?

(1) सर्वास्तिवाद (2) सम्मितीय

(3) गोकुलिक (4) महिशासक

8. अपने किस अभिलेख में अशोक ने वन्य जनजातियों का उल्लेख किया है ?

(1) सारनाथ स्तम्भ लेख (2) भाब्रू लेख

(3) शिलालेख - XIII (4) रूपनाथ लघु शिलालेख

9. यूनानियों का स्ट्राटेगोज़ से क्या अभिप्राय था ?

(1) गवर्नर (2) पुरोहित

(3) गाँव का मुखिया (4) श्रमण

Prepp
Your Personal Exams Guide

10. Which of the following law-giver allows a woman to sell and mortgage her movable and immovable property ?

(1) Manu (2) Āpastamba

(3) Vishnu (4) Katyayana

11. Which of the following is not correct about the Sangam literature ?

(1) It refers to many settlements such as Kaveripattanam.

(2) It refers to the Yavana traders coming to South India with their own ships to take pepper.

(3) It refers to some South Indian dynasties.

(4) Sangam was the name of a ruling dynasty of South India.

12. Which is not correct about the Sarnath school of art ?

(1) The treatment of Buddha's eyes adds to his serenity.

(2) The rounder face gives him the extra grace.

(3) The transparent drapery makes the Buddha's figure impressive.

(4) There is absence of mudras.

13. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R), and select your correct answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** The Gupta period witnessed the growth of lot of scientific literature.

**Reason (R) :** The scientists were paid rich amount by the state for the task.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, (R) is false.

(4) (A) is false, (R) is true.

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

10. किस धर्मशास्त्रकार ने स्त्री को अपनी चल तथा अचल सम्पत्ति बेचने तथा गिरवी रखने की अनुमति दी है ?

(1) मनु
(2) आपस्तंब
(3) विष्णु
(4) कात्यायन

11. संगम साहित्य के बारे में निम्नलिखित क्या सही नहीं है ?

(1) इसमें कावेरीपत्तनम की तरह कई बस्तियों का उल्लेख है ।
(2) इसमें दक्षिण भारत में यवन व्यापारियों के आने और अपने जहाजों में काली मिर्च ले जाने का उल्लेख है ।
(3) इसमें दक्षिण भारत के कुछेक राजवंशों का उल्लेख है ।
(4) संगम दक्षिण भारत में शासन करने वाले एक राजवंश का नाम था ।

12. सारनाथ कला शैली के बारे में क्या सही नहीं है ?

(1) बुद्ध की आँखों का चित्रण उसे प्रशांत दिखाता है ।
(2) अधिक गोलाकार मुख उसे और गरिमा देता है ।
(3) पारदर्शी वस्त्र बुद्ध के शरीर को प्रभावशाली रूप में दर्शाते हैं ।
(4) मुद्राओं का अभाव है ।

13. निम्नलिखित दो वक्तव्यों में एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) की संज्ञा दी गई है । अपने सही उत्तर का चयन नीचे दिये गए कूटों में से कीजिए :

**कथन (A) :** गुप्तकाल में बहुत से वैज्ञानिक साहित्य के विकास की पुष्टि है ।

**कारण (R) :** इस कार्य के लिए राज्य ने वैज्ञानिकों को बहुत सा धन दिया ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।
(3) (A) सही है और (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है और (R) सही है ।

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

14. Which is <u>not</u> correctly taken from the description of Hiuen – Tsang ?

(1) He praises the king of Jalandhar.

(2) He compliments for the Hindu ruler of Ujjain for bravery and learning.

(3) His appreciation for the non-Buddhists of Matipura.

(4) He praises the Buddhist ruler of Vallabhi, who was the son-in-law of King Harsha of Kanauj.

15. Which is <u>not</u> correct about the interpretation of Sankara's Vedant philosophy ?

(1) The reality is <u>advaita</u>.

(2) Upanishdic relation between <u>brahm</u> and <u>atman</u> is rejected.

(3) The world is illusion.

(4) Asceticism is advocated for the control of senses.

16. Which work criticizes the foul practices of the Buddhists and the Kapalikas ?

(1) Gaudavaho (2) Chandisataka

(3) Mattavilasa Prahasan (4) Prithviraja Vijaya

17. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List – I (Author) | List – II (Work) |
|---|---|
| (a) Hemachandra | (i) Bodhisattvavadana |
| (b) Haribhadra Suri | (ii) Lilavati |
| (c) Kshemendra | (iii) Pranam – Mimansa |
| (d) Bhaskaracharya | (iv) Nyayavtara - vritti |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

14. ह्वेनसांग के वर्णन से क्या सही नहीं लिया है ?

(1) वह जालन्धर नरेश की प्रशंसा करता है ।

(2) वह उज्जैन के हिन्दू शासक की बहादुरी तथा विद्वता की प्रशंसा करता है ।

(3) मतिपुर के गैर-बौद्धों की उसके द्वारा प्रशंसा ।

(4) वह वल्लभी के बौद्ध-नरेश जो कन्नौज नरेश हर्ष का दामाद था, की प्रशंसा करता है ।

15. शंकर के वेदान्त दर्शन की व्याख्या के बारे में कौन सा नहीं है ?

(1) अद्वैत सत्य है ।

(2) उपनिषदों के ब्रह्म तथा आत्मा के बीच सम्बन्ध अस्वीकृत है ।

(3) जगत् माया है ।

(4) इन्द्रियों को वश में करने के लिए वैराग्य का समर्थन किया है ।

16. कौन सी रचना बौद्धों तथा कापालिकों के घृणित व्यवहार की आलोचना करती है ?

(1) गउडवहो
(2) चण्डीशतक
(3) मत्तविलास प्रहसन
(4) पृथ्वीराज विजय

17. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I (लेखक) | सूची – II (कृति) |
|---|---|
| (a) हेमचन्द्र | (i) बोधिसत्त्वावदान |
| (b) हरिभद्र सूरी | (ii) लीलावती |
| (c) क्षेमेन्द्र | (iii) प्रणाम - मीमांसा |
| (d) भास्कराचार्य | (iv) न्यायावतार - वृत्ति |

कूट

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

Prepp Your Personal Exam Guide

18. Which of the following was the prominent Art-centre of the Rashtrakutas ?

(1) Ellora (2) Salsette

(3) Elephanta (4) Badami

19. Which of the following is not the work of Kshemendra ?

(1) Bodhisattvavadana (2) Brihatkatha manjari

(3) Bala Ramayana (4) Ramayana manjari

20. Which Chola King granted land to the Sailendra King of Sri Vijaya for the construction of a Buddhist monastery at Nagapattinam ?

(1) Rajaraja I (2) Rajendra I

(3) Rajendra II (4) Rajadhiraja

21. Which of the following statement/statements is/are correct about Indian trade with China ?

(i) Sadiduddin Awfi mentions Irani merchants who settled down in Cambay, carried on trade between India and China.

(ii) The Taj-ul Ma'asir mentions that Chinese mirrors and silk were in demand in the Indian markets.

(iii) Ibn Battuta records the availability of Chinese silk such as Khuz, Diba, Shir, and Qasab.

Select the correct answer from the code given below :

**Codes :**

(1) (i) and (ii) (2) (ii) and (iii)

(3) (i) and (iii) (4) (i), (ii) and (iii)

Prepp
Your Personal Exams Guide

18. राष्ट्रकूटों का प्रमुख कला-केन्द्र कहाँ था ?

(1) एलोरा
(2) सालसेट
(3) एलीफेंटा
(4) बादामी

19. निम्नलिखित कौन सी क्षेमेन्द्र की रचना नहीं है ?

(1) बोधिसत्त्वावदान
(2) बृहत्कथा मंजरी
(3) बाल रामायण
(4) रामायण मंजरी

20. किस चोल नरेश ने नागपट्टिनम में बौद्ध विहार के निर्माण के लिए श्री विजय के शैलेंद्र राजा को जमीन दी थी ?

(1) राजराज I
(2) राजेन्द्र I
(3) राजेन्द्र II
(4) राजाधिराज

21. चीन के साथ भारत के व्यापार के संबंध में निम्न में से कौन सा / से वक्तव्य सही है / हैं ?

(i) सदीदुद्दीन औफी बताता है कि कैम्बे (खंबात) में आ बसे ईरानी सौदागर भारत और चीन के बीच व्यापार करते थे ।

(ii) ताजुल मआसिर कहता है कि भारतीय बाजारों में चीनी दर्पण और सिल्क की काफी माँग थी ।

(iii) इब्न बतूता ने खुज़, दीबा, शीर और कसाब जैसे चीनी सिल्क की उपलब्धता दर्ज की है ।

नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनें :

**कूट :**

(1) (i) और (ii)
(2) (ii) और (iii)
(3) (i) और (iii)
(4) (i), (ii) और (iii)

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

22. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Shaikh Fariduddin (Baba Farid) left Delhi and settled at Ajodhan.

**Reason (R) :** Baba Farid decided to leave Delhi when his fame became an obstacle to his prayers.

In the light of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

23. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below. Match the following Persian works with their authors :

| **List – I (Persian Text)** | **List – II (Author)** |
|---|---|
| (a) Javami-ul Hikayat wa Livami-ul Rivayat | (i) Ali Kufi |
| (b) Chachnama | (ii) Ata Malik Juwaini |
| (c) Fatawa i Jahandari | (iii) Sadiduddin Awfi |
| (d) Tarikh i Jahan Gusha | (iv) Ziauddin Barani |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

Prepp Your Personal Exam Guide

22. नीचे दिए दो वक्तव्यों में से एक कथन (A) तथा दूसरा कारण (R) है :

**कथन (A) :** शेख फरीदुद्दीन (बाबा फरीद) दिल्ली छोड़कर अजोधन में बस गए ।

**कारण (R) :** बाबा फरीद ने दिल्ली छोड़ने का फैसला तब किया, जब उनकी प्रसिद्धि उनकी प्रार्थना में बाधक बनने लगी ।

उपर्युक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्न में से कौन सा उत्तर सही है ?

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, पर (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, पर (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, पर (R) सही है ।

23. सूची – I का सूची – II से मिलान करें और कूट की सहायता से सही उत्तर चुनें । निम्नलिखित फारसी ग्रंथों का मिलान उसके लेखक से करें :

| **सूची – I (फारसी ग्रंथ)** | **सूची – II (लेखक)** |
|---|---|
| (a) जवामी-उल हिकायत वा लिवामी-उल रवायत | (i) अली कूफी |
| (b) चचनामा | (ii) अता मलिक जुवैनी |
| (c) फतवा-ए-जहांदारी | (iii) सदीदुद्दीन औफी |
| (d) तारीख-ए-जहां गुशा | (iv) जियाउद्दीन बरनी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

24. The Batihagarh inscription mentions the construction of a gow math (cow temple) by the order of which Sultan ?

(1) Alauddin Khalji
(2) Muhammad bin Tughlaq
(3) Firoz Tughlaq
(4) Ibrahim Lodi

25. The Sharqi kingdom of Jaunpur was founded by a eunuch who was in the service of sultan Firoz Tughluq. Identify the eunuch from the following :

(1) Malik Sarwar
(2) Abu Bakr Shah
(3) Muhammad Shah
(4) Mir Hajib Sultani

26. Chronologically arrange the following monuments of Akbar's reign :

(i) Humayun's Tomb
(ii) Shaikh Salim Chishti's Tomb
(iii) Buland Darwaza
(iv) Agra Fort

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(1) (i), (iv), (iii), (ii)
(2) (ii), (i), (iv), (iii)
(3) (i), (iv), (ii), (iii)
(4) (iv), (ii), (i), (iii)

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

24. बतिहागढ़ अभिलेख में किस सुल्तान के आदेश से गऊ मठ (गाय मंदिर) के निर्माण का उल्लेख है ?

(1) अलाउद्दीन खलजी
(2) मुहम्मद बिन तुगलक
(3) फिरोज तुगलक
(4) इब्राहिम लोदी

25. जौनपुर के शर्की राज्य की स्थापना एक किन्नर के द्वारा की गई थी जो सुल्तान फिरोज तुगलक की सेवा में था । निम्नलिखित में से वह किन्नर कौन था ?

(1) मलिक सरवर
(2) अबु बक्र शाह
(3) मुहम्मद शाह
(4) मीर हजिब सुल्तानी

26. अकबर के शासन काल के निम्नलिखित स्मारकों को ऐतिहासिक क्रम में दर्शाएँ :

(i) हुमायूँ का मकबरा

(ii) शेख सलीम चिश्ती का मकबरा

(iii) बुलंद दरवाजा

(iv) आगरे का किला

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनें :

**कूट :**

(1) (i), (iv), (iii), (ii)

(2) (ii), (i), (iv), (iii)

(3) (i), (iv), (ii), (iii)

(4) (iv), (ii), (i), (iii)

Prepp Your Personal Exam Guide

27. Identify the pair of the emperors in their period tobacco come into use in Northern India and it was banned within twenty years.

(1) Humayun and Akbar

(2) Akbar and Jahangir

(3) Jahangir and Shah Jahan

(4) Shah Jahan and Aurangzeb

28. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| **List – I (Monument)** | **List – II (Place)** |
|---|---|
| (a) Khusrau Bāgh | (i) Lahore |
| (b) Jahangir's tomb | (ii) Allahabad |
| (c) Nurmahal Sarai | (iii) Khuldabad |
| (d) Tomb of Aurangzeb | (iv) Jalandhar district |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

29. From the following, point out the incorrect pair :

(1) Rajatarangini – Sanskrit

(2) Humayunama – Turkish

(3) Baburnama – Turkish

(4) Chachnama – Arabic

Prepp
Your Personal Exams Guide

27. बादशाहों के युग्म की पहचान कीजिए जिनके काल में तम्बाकू उत्तर भारत में प्रयोग में आया तथा बीस वर्षों के अंदर इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया :

(1) हुमायूँ और अकबर

(2) अकबर और जहाँगीर

(3) जहाँगीर और शाहजहाँ

(4) शाहजहाँ और औरंगजेब

28. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (स्मारक) | सूची – II (स्थान) |
|---|---|
| (a) खुसरो बाग | (i) लाहौर |
| (b) जहाँगीर का मकबरा | (ii) इलाहाबाद |
| (c) नूरमहल सराय | (iii) खुल्दाबाद |
| (d) औरंगजेब का मकबरा | (iv) जालंधर जिला |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

29. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही नहीं है ?

(1) राजतरंगिनी – संस्कृत

(2) हुमायूँनामा – तुर्की

(3) बाबरनामा – तुर्की

(4) चचनामा – अरबी

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** Arrange the following manuscript illustrations of the Mughal atelier in chronological order :

(i) Anwar-i Suhaili

(ii) Razmnama

(iii) Hamzanama

(iv) Tarikh-i-khandan-i-Timuria

Select your answer from the codes given below :

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (iii) (i) (ii) (iv) | (2) | (ii) (iii) (i) (iv) |
| (3) | (iv) (i) (ii) (iii) | (4) | (iii) (iv) (ii) (i) |

**31.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| **List – I** (Name of tax) | **List – II** (Tax levied) |
|---|---|
| (a) Mahi Faroshi | (i) Tax realised from stall-keepers for the use of public lands. |
| (b) Tah Bazari | (ii) Tax on gambling houses. |
| (c) Qimar Khana | (iii) Tax on brick kilns and potteries. |
| (d) Kuza-wa Khisht Pazi | (iv) Tax levied on the sale of fish. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

Prepp Your Personal Exam Guide

**30.** मुगल चित्रशालाओं में चित्रित निम्नलिखित पांडुलिपियों को ऐतिहासिक क्रम में रखें :

(i) अनवार-ए-सुहैली

(ii) रज़्मनामा

(iii) हम्ज़ानामा

(iv) तारीख़-ए-खानदान-ए-तिमूरिया

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनें :

**कूट :**

(1) (iii) (i) (ii) (iv)

(2) (ii) (iii) (i) (iv)

(3) (iv) (i) (ii) (iii)

(4) (iii) (iv) (ii) (i)

**31.** सूची – I से सूची – II को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** (कर का नाम) | **सूची – II** (वसूला गया कर) |
|---|---|
| (a) माही फरोशी | (i) सार्वजनिक भूमि के प्रयोग के लिए 'स्टॉल' लगाने वालों से वसूला गया कर |
| (b) तहबजारी | (ii) जुआघरों पर कर |
| (c) किमार खाना | (iii) ईंट-भट्ठों और कुम्हार के उत्पादों पर कर |
| (d) कुजा-व खिश्त पाज़ी | (iv) मछली की बिक्री पर वसूला गया कर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

32. Who among the following pursued European fashions construction of their buildings ?

(1) British (2) Dutch

(3) French (4) Portuguese

33. Mughal nobles were honoured in many ways. Which one of the following did not fall into the category of royal honours bestowed upon the nobles ?

(1) Khila't (2) Sarpech

(3) Sar-o-pa (4) Nisar

34. "As regards myself, my liking for painting and my practice in judging it has arrived at such a point that when any work is brought before me, either of deceased artists or of those of the present day, without the names being told me, I say on the spur of the moment that it is the work of such and such a man."

In the above statement which of the following emperor is applanding his painting skills ?

(1) Babur (2) Akbar

(3) Jahangir (4) Shahjahan

35. A whole body of literature on etiquette known as Akhlaq developed in India and Iran during the medieval period. Which of the following is/are correct about Akhlaq literature ?

(i) Akhalaq-i-Nasiri of Nasir al-Din Tusi was the earliest work produced in Iran on etiquettes in the first half of the thirteenth century.

(ii) In India Fatwa-i-Jahandari of Ziauddin Barani was the first treatise on Akhalaq genre.

(iii) Akhlaq-i-Jahangiri was the first major work on etiquettes complied under the Mughals by Nur-al-din Qazi al-Khaqani.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(1) (i) and (ii) (2) (ii) and (iii)

(3) (i) and (iii) (4) (i), (ii) and (iii)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

32. निम्नलिखित में से किसने अपने भवनों के निर्माण में यूरोपीय फैशन का अनुसरण किया ?

(1) ब्रिटिश (2) डच

(3) फ्रांसीसी (4) पुर्तगाली

33. मुगल काल में कुलीनों को अनेक प्रकार से सम्मानित किया जाता था । निम्नलिखित में से कौन सा सम्मान इस श्रेणी में नहीं आता ?

(1) खिलअत (2) सरपेच

(3) सर-ओ-पा (4) निसार

34. "जहाँ तक मेरा सवाल है, चित्रकलाओं को देखने, सराहने और उनकी समीक्षा करने की मेरी प्रवृत्ति उस बिंदु पर पहुँच गई है कि मेरे सामने जब भी कोई कृति लाई जाती है – चाहे वह कलाकार दिवंगत हो चुका हो या आज भी मौजूद हो, बिना उसका नाम जाने मैं पल भर में बता देता हूँ कि यह किसकी कृति है ।"

चित्रकलाओं के बारे में अपने ज्ञान की प्रशंसा में निम्न में से किस शासक ने यह बात कही है ?

(1) बाबर (2) अकबर

(3) जहाँगीर (4) शाहजहाँ

35. मध्यकाल में अखलाक नाम से भारत और ईरान में एक पूरा साहित्य शिष्टाचार पर विकसित हुआ । अखलाक साहित्य के बारे में निम्न में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(i) तेरहवीं सदी के पूर्वार्ध में ईरान में प्रकाशित नसीर अल दीन तूसी की किताब अखलाक-ए-नासिरी शिष्टाचार पर लिखी गई पहली किताब थी ।

(ii) भारत में जियाउद्दीन बरनी की फतवा-ए-जहाँदारी अखलाक विधा में लिखी पहली किताब थी ।

(iii) मुगल काल में नूर-अल-दीन काजी अल खाकानी द्वारा संकलित अखलाक-ए-जहाँगीरी शिष्टाचार पर पहला बड़ा काम था ।

नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनें :

**कूट :**

(1) (i) और (ii) (2) (ii) और (iii)

(3) (i) और (iii) (4) (i), (ii) और (iii)

36. Chronologically arrange the following legislations on the basis of the year of their enactment :

(a) Charles Metcalfe's Act XI that liberated the Press in India.

(b) India Act V that made slavery illegal in India.

(c) Regulation XVII that made sati illegal in Bengal Presidency.

(d) Regulation III that declared infanticide to be treated as murder.

**Codes :**

(1) (d) (c) (a) (b)

(2) (b) (a) (c) (d)

(3) (c) (b) (d) (a)

(4) (c) (d) (b) (a)

37. Identify which one of the following does not belong to Serampore missionaries :

(1) William Carey

(2) Joshua Marshman

(3) Charles Grant

(4) William Ward

38. Identify which <u>one</u> of the following statement is <u>wrong</u> :

(1) Orientalists made an attempt to learn about Indian culture through a study of texts in Sanskrit and Persian languages and use that knowledge in matters of governance.

(2) Utilitarians believed in appropriate social engineering and authoritarian reformism.

(3) Evangelists argued about the necessity of government intervention to liberate Indian's from their religions that were full of superstitions, idolatry and tyranny of the priests.

(4) Free trade thinkers believed that a free Indian economy would ensure a free flow of trade from the shackles of tradition and without government intervention.

Prepp Your Personal Exams Guide

36. निम्नलिखित कानूनों को उनके लागू होने के ऐतिहासिक क्रम में दर्शाएँ । कूट का प्रयोग करें :

(a) चार्ल्स मेटकॉफ एक्ट XI, जिसने भारत में प्रेस को आजादी दी ।

(b) इंडिया एक्ट V जिसने भारत में गुलामी को अवैध घोषित किया ।

(c) रेगुलेशन XVII जिसने बंगाल प्रेसीडेंसी में सती प्रथा को अवैध घोषित किया ।

(d) रेगुलेशन III जिसने शिशु वध को हत्या की श्रेणी में रखा ।

**कूट :**

(1) (d) (c) (a) (b)

(2) (b) (a) (c) (d)

(3) (c) (b) (d) (a)

(4) (c) (d) (b) (a)

37. निम्नलिखित में से कौन सिरामपुर मिशनरी से संबंधित नहीं है ?

(1) विलियम केरी

(2) जोशुआ मार्शमैन

(3) चार्ल्स ग्रांट

(4) विलियम वार्ड

38. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) प्राच्यविदों ने संस्कृत तथा फारसी ग्रंथों के अध्ययन से भारतीय संस्कृति के बारे में ज्ञान प्राप्त किया और उस ज्ञान का प्रयोग यहाँ के शासन में किया ।

(2) उपयुक्ततावादी मानते थे कि समाज का उचित ढंग से पुनर्गठन किया जाए और अधिनायकवादी ढंग से सुधार किए जाए ।

(3) ईसाई धर्म प्रचारकों का कहना था कि भारतीयों को अंधविश्वासों, मूर्तिपूजा और पुजारियों की निरंकुशता से भरे धर्म से आजाद करने के लिए सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता है ।

(4) मुक्त व्यापार के विचारक सोचते थे कि भारत की खुली अर्थव्यवस्था मुक्त व्यापार सुनिश्चित करेगी, जो बिना सरकारी हस्तक्षेप के इसे परंपराओं की जकड़न से आजाद कराएगा ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

39. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I (Editors) | | List – II (Newspapers) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Naoroji Dorabji Chandaru | (i) | Indian Statesman |
| (b) | Bal Shashtri Jambhekar | (ii) | Hindu Patriot |
| (c) | Robert Knight | (iii) | Mumbai Vartaman |
| (d) | Girish Chandra Ghosh | (iv) | Bombay Durpan |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

40. On whose suggestion Dayananda Saraswati started recording his ideas that formed the content of Satyartha Prakash ?

(1) Swami Vijayananda
(2) Devendranath Tagore
(3) Raja Jai Kishan Das
(4) Lala Hans Raj

41. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I (Founders) | | List – II (Organisations) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Pandita Ramabai | (i) | Seva Sadhan |
| (b) | Sarala Devi Chaudhrani | (ii) | Anath Balika Ashram |
| (c) | D.K. Karve | (iii) | Sharada Sadan |
| (d) | G.K. Devdhar | (iv) | Bharat Stree Mahamandal |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

39. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें और कूट की सहायता से सही उत्तर को दर्शाएँ :

| सूची – I (संपादक) | | सूची – II (अखबार) | |
|---|---|---|---|
| (a) | नौरोजी दोराबजी चंदारू | (i) | इंडियन स्टेट्समैन |
| (b) | बाल शास्त्री जांभेकर | (ii) | हिंदू पैट्रियट |
| (c) | राबर्ट नाइट | (iii) | मुंबई वर्तमान |
| (d) | गिरीश चंद्र घोष | (iv) | बांबे दर्पण |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

40. दयानंद सरस्वती ने किसकी सलाह पर अपने विचारों को संग्रहित करना शुरू किया, जो बाद में सत्यार्थ प्रकाश के लेखन का आधार बना ?

(1) स्वामी विजयानंद
(2) देवेंद्रनाथ टैगोर
(3) राजा जय किशन दास
(4) लाला हंस राज

Prepp Your Personal Exam Guide

41. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें । कूट की सहायता से सही उत्तर को दर्शाएँ :

| सूची – I (स्थापक) | | सूची – II (संगठन) | |
|---|---|---|---|
| (a) | पंडिता रमाबाई | (i) | सेवा सदन |
| (b) | सरला देवी चौधरानी | (ii) | अनाथ बालिका आश्रम |
| (c) | डी.के. कर्वे | (iii) | शारदा सदन |
| (d) | जी.के. देवधर | (iv) | भारत स्त्री महामंडल |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

42. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) E.V. Ramaswamy Naicker | (i) S.N.D.P. Yogam |
| (b) Iyothee Thass | (ii) The Depressed Class Mission Society of India |
| (c) Narayan Guru | (iii) Adi Dravida Movement |
| (d) V.R. Shinde | (iv) Self-Respect Movement |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

43. Which one of the following literary works was not authored by Bankim Chandra Chatterji ?

(1) Meghnadbadh
(2) Durgeshnandini
(3) Kamalakanta
(4) Anandmath

44. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I (Authors) | List – II (Books) |
|---|---|
| (a) J. Natarajan | (i) History of the Brahmo Samaj. |
| (b) Shivanatha Sastry | (ii) Ramkrishna, His Life and Sayings. |
| (c) J.N. Farquhar | (iii) Modern Religious Movements in India. |
| (d) F. Max Muller | (iv) History of Indian Journalism. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

42. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें । कूट की सहायता से सही उत्तर को दर्शाएँ :

| सूची – I | | सूची – II | |
|---|---|---|---|
| (a) | इ.वी. रामास्वामी नैकर | (i) | एस.एन.डी.पी. योगम |
| (b) | अयोति थास | (ii) | द डिप्रेस्ड क्लास मिशन सोसायटी ऑफ इंडिया |
| (c) | नारायण गुरु | (iii) | आदि द्रविड़ मूवमेंट |
| (d) | वी.आर. शिंदे | (iv) | सेल्फ रेसपेक्ट मूवमेंट |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (4) | (i) | (iii) | (iii) | (iv) |

43. निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक बंकिम चंद्र चैटर्जी ने नहीं लिखी है ?

(1) मेघनादबध
(2) दुर्गेशनंदिनी
(3) कमलाकांता
(4) आनंदमठ

44. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें तथा कूट की सहायता से सही उत्तर को दर्शाएँ :

| सूची – I (लेखक) | | सूची – II (पुस्तक) | |
|---|---|---|---|
| (a) | जे. नटराजन | (i) | हिस्ट्री ऑफ द ब्राह्मो समाज |
| (b) | शिवनाथ शास्त्री | (ii) | रामकृष्ण, हिज लाइफ एंड सेयिंग्स |
| (c) | जे.एन. फर्कुहर | (iii) | मॉडर्न रिलिजियस मूवमेंट्स इन इंडिया |
| (d) | एफ. मैक्समूलर | (iv) | हिस्ट्री ऑफ इंडियन जर्नलिज्म |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

45. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Ramkrishna Paramhansa's teachings emphasized the universality of all religious – all were true and led to God.

**Reason (R) :** Vivekananda's vision of Hinduism was deeply divided between its glorious past and degenerate present.

In the light of above statements which of the following is correct ?

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

Prepp Your Personal Exam Guide

46. Who said :

"I want to be in my country not as outlander but as master in the same sense that an Englishman is a master in his own country and in the colonies."

(1) B.C. Pal (2) B.G. Tilak

(3) M.K. Gandhi (4) Lala Lajpat Rai

47. Who was the moving spirit behind the founding of Indian Social Conference in 1887 ?

(1) Behcramji M. Malabari

(2) Surendra Nath Banerjee

(3) Mahadev Govind Ranade

(4) Narayan Ganesh Chandavarkar

Prepp
Your Personal Exams Guide

45. नीचे दिए दोनों वक्तव्यों में से एक कथन (A) तथा दूसरा कारण (R) है :

**कथन (A) :** रामकृष्ण परमहंस के उपदेशों में धर्मों की सार्वजनीनता पर जोर था – सभी धर्म सच्चे हैं और ईश्वर की ओर ले जाते हैं ।

**कारण (R) :** हिंदूवाद के बारे में विवेकानंद की दृष्टि इसके गरिमापूर्ण अतीत तथा क्षरित वर्तमान के बीच गहरे बंटी हुई थी ।

उपर्युक्त दोनों कथनों के संदर्भ में कूट की सहायता से निम्नलिखित में से सही उत्तर दर्शाएँ ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, पर (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, पर (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है और (R) सही है ।

46. निम्नलिखित कथन किसका है ?

"मैं अपने देश में किसी बाहरी व्यक्ति की तरह नहीं, बल्कि मालिक की तरह रहना चाहता हूँ, ठीक वैसे ही जैसे कोई अंग्रेज अपने देश में या उसके उपनिवेशों में रहता है ।"

(1) बी.सी. पाल (2) बी.जी. तिलक

(3) एम.के. गांधी (4) लाला लाजपत राय

47. 1887 में इंडियन सोशल कांफ्रेंस की स्थापना के पीछे प्रेरक व्यक्तित्व कौन था ?

(1) बेहरामजी एम. मलबारी

(2) सुरेंद्रनाथ बैनर्जी

(3) महादेव गोविंद रानाडे

(4) नारायण गणेश चंदावरकर

Prepp
Your Personal Exams Guide

48. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List – I (Satyagrahas) | List – II (Years) |
|---|---|
| (a) Vaikkam Satyagraha | (i) 1924 – 25 |
| (b) Kalaram Temple Satyagraha | (ii) 1930 – 35 |
| (c) Guruvayur Satyagraha | (iii) 1931 – 35 |
| (d) Munshigunj Kali Temple Satyagraha | (iv) 1929 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

49. Who amongst the following was not an eminent orientalist ?

(1) Dr. Bhau Daji
(2) Dr. R.G. Bhandarkar
(3) Bal Gangadhar Tilak
(4) Gopal Krishna Gokhale

50. Who wrote the song 'Amar Sonar Bangla' during the Swadeshi Movement, that later inspired liberation struggle of Bangladesh and was adopted as their national anthem ?

(1) Kazi Nazrul Islam
(2) Rajani Kant Sen
(3) Syed Abu Mohammed
(4) Rabindranath Tagore

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**48.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें और कूट की सहायता से सही उत्तर को दर्शाएँ :

| **सूची – I (सत्याग्रह)** | **सूची – II (वर्ष)** |
|---|---|
| (a) वैक्कोम सत्याग्रह | (i) 1924 – 25 |
| (b) कालाराम मंदिर सत्याग्रह | (ii) 1930 – 35 |
| (c) गुरुवयूर सत्याग्रह | (iii) 1931 – 35 |
| (d) मुंशीगंज काली मंदिर सत्याग्रह | (iv) 1929 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**49.** निम्नलिखित में से कौन प्रसिद्ध प्राच्यवादी नहीं है ?

(1) डॉ. भाउ दाजी

(2) डॉ. आर.जी. भंडारकर

(3) बाल गंगाधर तिलक

(4) गोपाल कृष्ण गोखले

**50.** स्वदेशी आंदोलन के समय 'आमार सोनार बांगला' गीत की रचना किसने की, जिसने बाद में बांग्लादेश के मुक्ति संघर्ष को प्रेरणा दी और जो उनका राष्ट्रगान बना ?

(1) काजी नजरुल इस्लाम

(2) रजनी कांत सेन

(3) सैयद अबू मोहम्मद

(4) रवीन्द्रनाथ टैगोर

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Space For Rough Work

Prepp
Your Personal Exam Guide